# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय,
## लखनऊ–226007

University of Lucknow | Centennial Celebrations
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी उत्सव

Web.: www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phone/Fax : 0522-2740412


सन्दर्भ संख्या................................/2022

दिनांक.............................................

### कार्यालय आदेश

➢ एतद्द्वारा अवगत कराना है कि लखनऊ विश्वविद्यालय में संचालित समस्त स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों/विभागों में कार्यरत शिक्षकों के लिए वेतन दर का निर्धारण शासनादेश संख्या 226/सत्तर–2–2020–18(31)/2018 दिनांक 13.03.2020 के अन्तर्गत करने हेतु मा0 कुलपति जी द्वारा गठित समिति की बैठक दिनांक 30.08.2022 में विभिन्न स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों/विभागों में कार्यरत शिक्षकों का वेतन निम्नवत् निर्धारित करने की संस्तुति की गयी है:–

(i):–

| क्रम सं0 | पाठ्यक्रम | पदनाम | वेतनदर निर्धारण की संस्तुति |
|---|---|---|---|
| 1. | आई0एम0एस0, अभियान्त्रिकी संकाय, फार्मेसी संस्थान व वाणिज्य संकाय में संचालित एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम | सहायक प्रोफेसर | रु0 57,700/– प्रतिमाह (नियत)+ई0पी0एफ0 |
| | | एसोसिएट प्रोफेसर | रु0 85,000/– प्रतिमाह (नियत)+ई0पी0एफ0 |
| | | प्रोफेसर | रु0 1,10,000/– प्रतिमाह (नियत)+ई0पी0एफ0 |
| | | निदेशक | रु0 1,20,000 प्रतिमाह (नियत)+ई0पी0एफ0<br>(रु0 1,10,000/– प्रतिमाह नियत वेतन + रु0 10,000/– प्रतिमाह विशेष भत्ता) |
| 2. | क्रमांक 01 से इतर स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम | सहायक प्रोफेसर | रु0 35,000/– प्रतिमाह (नियत)+ई0पी0एफ0 |
| | | एसोसिएट प्रोफेसर | रु0 60,000/– प्रतिमाह (नियत)+ई0पी0एफ0 |
| | | प्रोफेसर | रु0 90,000/– प्रतिमाह (नियत)+ई0पी0एफ0 |

(ii): स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित जिन पाठ्यक्रमों में कार्यरत शिक्षकों को उपरोक्त प्रस्तर 01 में की गयी संस्तुति से कम वेतन मिल रहा है उनका वेतन उपरोक्तानुसार निर्धारित करने तथा जिन शिक्षकों को उपरोक्त संस्तुति से अधिक वेतन मिल रहा है, उन्हें वर्तमान में मिल रहे वेतन दर पर ही नियत करने की समिति द्वारा संस्तुति की गयी।

➢ वित्त समिति की बैठक दिनांक 03.09.2022 के बिन्दु संख्या 03 पर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के समस्त स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में विषय विशेषज्ञों को प्रतिमाह मानदेय की सीमा निम्नवत् होगी:–

| S.No. | Programmes | Payment Per Hour | Maximum Monthly limit |
|---|---|---|---|
| 1. | PG & PG Diploma | Rs. 800/- | Rs. 40,000/- |
| 2. | UG & Diploma | Rs. 600/- | Rs. 30,000/- |
| 3. | Certificate Programme | Rs. 400/- | Rs. 20,000/- |

➢ वित्त समिति की बैठक दिनांक 03.09.2022 के बिन्दु संख्या 06 पर अभियान्त्रिकी एवं तकनीकी संकाय में कार्यरत प्रयोगशाला अनुदेशकों (संविदा) की वेतन बढ़ोत्तरी से सम्बन्धित प्रकरण पर गठित समिति की संस्तुति दिनांक 30.08.2022 पर विचारोपरान्त वित्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से निम्नवत् निर्णय लिया गया:–

| क्रम सं0 | पाठ्यक्रम | पदनाम | वेतनदर निर्धारण की संस्तुति |
|---|---|---|---|
| 1. | अभियान्त्रिकी एवं तकनीकी संकाय | प्रयोगशाला अनुदेशक (संविदा) | रु0 20,000 प्रतिमाह (नियत)+ई0पी0एफ0 |

उक्तानुसार वित्त समिति की बैठक दिनांक 03.09.2022 के क्रमानुसार मद संख्या 05, 03 एवं 06 पर दी गयी सहमति पर कार्य परिषद की बैठक दिनांक 05.09.2022 के विनिश्चय संख्या 12 पर अनुमोदन प्रदान किया गया है।

अतः उक्त आदेश लखनऊ विश्वविद्यालय में संचालित समस्त स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में संविदा पर कार्यरत शिक्षकों/विषय विशेषज्ञों एवं अनुदेशकों पर अनुमन्य कराये जाने हेतु आदेशित किया जाता है।

15-9-22

(संजय मेधावी)
कुलसचिव

——क्रमशः पृष्ठ संख्या 02 पर——

संख्या T-17938-80 दिनांक 17/09/2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. समस्त संकायाध्यक्ष, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
3. समस्त विभागाध्यक्ष / निदेशक / प्रोफेसर इंचार्ज / इंचार्ज / कोआर्डिनेटर, पुराना एवं नवीन परिसर लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4. इंचार्ज वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करवाने का कष्ट करें।
5. निदेशक आई0पी0पी0आर0 को इस आशय के साथ प्रेषित कि मीडिया बन्धुओं को अवगत कराने का कष्ट करें।
6. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव, सूचनार्थ कुलसचिव महोदय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
7. वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
8. परीक्षा नियंत्रक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
9. समस्त सहायक कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
10. समस्त कार्यालय अधीक्षक / प्रभारी, कुलसचिव / लेखा कार्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

16-9-22
कुलसचिव